INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	**Department: Hindi**	**Date –**
Worksheet No: 7	**Topic:** अपठित गद्यांश	**Note: Pl. file in portfolio**

विद्यार्थियों की अनुशासनहीनता का मुख्य कारण माता-पिता की ढिलाई है। माता-पिता के संस्कार ही बच्चे पर पड़ते हैं। बच्चे का घर उसकी प्राथमिक पाठशाला होता है। उसके संस्कार घर से ही ख़राब होने शुरू होते हैं। पहले तो लाड़-प्यार के कारण माता-पिता कुछ कहते नहीं, वे जहाँ चाहें बैठें और जहाँ चाहें खेलें, जो मन में आए करें । पर जब हाथी के दाँत बाहर निकल आते हैं, तो उन्हें चिंता होती है, फिर वे अध्यापकों की आलोचना करना आरंभ कर देते हैं। दूसरा कारण शिक्षा-प्रणाली है, जिसमें नैतिक या चारित्रिक शिक्षा को कोई स्थान नहीं दिया जाता। पहले विद्यार्थियों को दंड का भय बना रहता था, पर अब आप विद्यार्थियों को हाथ नहीं लगा सकते, क्योंकि शारीरिक दंड अपराध है। केवल ज़बानी जमा ख़र्च कर सकते हैं। इसमें विद्यार्थी बहुत तेज़ होता है, आप एक कहेंगे, वह आपको चार सुनाएगा । पश्चिमी संगीत, नृत्य तथा चलचित्रों ने भी विद्यार्थियों का बेड़ा गर्क़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इनके कारण उनमें चरित्रहीनता और उच्छृंखलता इस हद तक बढ़ती जा रही है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो देश का भविष्य ही अंधकारपूर्ण हो जाएगा।

गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए:

1. माता-पिता की ढिलाई किस प्रकार विद्यार्थियों को अनुशासनहीन बनाती है?

   (क) उन्हें पाठशाला भेजकर (ग) उनमें अच्छे संस्कार डालकर

   (ख) उनके उठने-बैठने पर रोक लगाकर (घ) उन्हें अधिक लाड़-प्यार देकर

2. 'हाथी के दाँत बाहर निकल आते हैं, तो उन्हें चिंता होती है।' आशय स्पष्ट कीजिए।

   (क) अनुशासित होना (ग) हाथी-दाँत के खिलौने लेना

   (ख) नियंत्रण से बाहर होना (घ) अध्यापकों की आलोचना करना

3. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है:

   (क)अध्यापक (ख) अनुशासनहीनता (ग) माता-पिता (घ) ईमानदारी

गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

4. पश्चिमी संगीत, नृत्य और चलचित्रों का विद्यार्थियों पर क्या प्रभाव पड़ा है?
5. आज की शिक्षा-प्रणाली अनुशासनहीनता को किस प्रकार बढ़ावा देती है?